### 18 मई की शाम पांच बजे से चुनाव प्रचार थमेगा, 20 मई को मतदान होगा

# भोंपू की जगह जनसंपर्क में विश्वास कर रहे हैं प्रत्याशी

संवाददाता । आशीष टैगोर

चतरा संसदीय क्षेत्र में आगामी 20 मई को चुनाव होगा. इससे पहले 18 मई शाम पांच बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा. हालांकि प्रत्याशी डोर टू डोर जनसंपर्क कर सकेगें. अब यह कह सकते हैं कि मात्र चार दिन ही चुनाव प्रचार में बचे हैं. लेकिन अभी तक भाजपा या कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी का कोई प्रचार वाहन सड़कों पर नहीं दिख पाया है. हालांकि बसपा व एक-दो निर्दलीय प्रत्याशी का प्रचार वाहन जिला मुख्यालय में अवश्य दिखायी पड़ रहा है. जबकि चतरा संसदीय क्षेत्र में 22 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. लोगों का कहना है कि एक समय था जब चुनाव का विगुल बजते ही प्रचार वाहनों का तांता लग जाता था. लोग परेशान हो जाते थे. इन प्रचार वाहनों मे प्रत्याशियो को विजयी बनाने को ले कर पेरोडी गीत बजाये जाते थे. मोटरसाइकिल जुलूस व रैलियां निकाली जाती थी. लेकिन इस बार के ऐसा कुछ नहीं देखा जा रहा है.

भाजपा और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियां इस चुनाव में प्रचार वाहनों पर ध्यान नहीं देकर गांव-गांव और टोला-टोला जन संपर्क अभियान पर फोकस कर रही है.

**खास बातें**

- संसदीय क्षेत्र में 22 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं

**मतदाता की खामोशियां बढ़ा रही हैं दिलों की धड़कन**

एक बात तो साफ है कि इस बार प्रचार वाहनों की कमी के कारण अब तक चुनाव का रंग नहीं चढ़ पाया है, जबकि मात्र पांच दिन ही चुनाव में शेष हैं . ऐसे में मतदाता भी खामोश है . मतदाता की यही खामोशी भी प्रत्याशियों की धड़कनें तेज कर रही है . मतदाता प्रत्याशियों का इंतजार कर रहे हैं . कई लोगों ने कहा कि सभी पार्टियों की नजर ग्रामीण क्षेत्रों पर है एक गांव में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं लेकिन शहर में उनका कोई ध्यान नहीं है .

**भाजपा चला रही है पथसभा कार्यक्रम**

भाजपा तो पंचायत और गांव में पथसभा का आयोजन कर लोगों को अपने प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील कर रहे हैं . भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लाभुकों के घरों में जाकर उन्हें भाजपा सरकार की उपलब्धियां को गिरते हुए अपने प्रत्याशियों को बनाने की अपील कर रहीं हैं . कांग्रेस भी जनसंपर्क अभियान में पीछे नहीं है . इंडी गठबंधन के कांग्रेस व झामुमो के नेता व कार्यकर्ता कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को जीताने के लिए गांव गांव जन संपर्क अभियान चला रही है और केंद्र सरकार की नाकामियों को गिना रही है .

**भाजपा-कांग्रेस की दो सभाएं हुईं**

भाजपा और कांग्रेस की दो प्रमुख सभाएं लातेहार और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में हो चुकी है . गत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिमरिया में भाजपा के चुनावी सभा को संबोधित किया था और भाजपा प्रत्याशी को जीताने की अपील की थी . जबकि बीते सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में चुनावी सभा कर चुके हैं .

### लोहरदगा लोस में 9,57,690 मतदाताओं ने किया मतदान

# हेलीकॉप्टर से सुरक्षित लाई गई ईवीएम, स्ट्रांग रुम हुआ सील

संवाददाता । गुमला



देश में चौथे और झारखंड में प्रथम चरण में लोहरदगा लोकसभा सीट का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद मंगलवार को सभी मतदान केंद्रों से आए इवीएम को गुमला पालिटेक्निक कालेज के स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया. इवीएम जमा होने का काम सोमवार को देर रात से मंगलवार सुबह तक चलता रहा. मंगलवार की सुबह हेलीकाप्टर से 24 मतदान केंद्र से इवीएम को सुरक्षित लाया गया और मतदान कर्मियों ने स्ट्रांग रूम ने इवीएम जमा किया. पूरे जिला से आए रिपोर्ट संकलन के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में कुल 66.45 प्रतिशत मतदान हुआ.

शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदान पदाधिकारियों ,कर्मियों एवं जिले के मतदाताओं को धन्यवाद दिया है.

ज्ञात हो कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में कुल मतदाता की संख्या 14,41,302 है. जिनमें 7,13,911 पुरुष और 7,27,387 महिला मतदाता है. 13 मई को संपन्न लोक सभा चुनाव में कुल 9,57,690 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया. जिसमें 4,58,507 पुरुष (64.22 प्रतिशत) और 4,99,182 महिला (68.62 प्रतिशत) मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. थर्ड जेंडर के चार में से एक मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है.

## बूढ़ा पहाड़ से हेलीकॉप्टर से आज लौटे मतदान कर्मी

संवाददाता । मेदिनीनगर



नक्सलियों का गढ़ माने जानेवाला बूढ़ापहाड़ इलाके से वोटिंग करवाकर मतदानकर्मी मंगलवार की सुबह वापस लौटे. चियांकी हवाई अड्डा पर उतरने के बाद मतदान कर्मी काफी खुश दिखे.

उन्होंने बताया कि इलाके में पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम थे और लोगों के चेहरे पर वोट देने की खुशी थी. बता दें कि बूढ़ापहाड़ का इलाका पलामू लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आता हैऔर इस इलाके के आठ मतदान केंद्रों पर मतदानकर्मियों को हेलीकॉप्टर से वहां भेजा गया था. वोटिंग करवा कर वापस लौटने वाले मतदान कर्मियों ने बताया इलाके में खौफ का साम्राज्य खत्म हो गया है. मतदान कर्मियों ने बताया कि इलाके में सुबह सात बजे से पहले ही लोग वोट देने के लिए लाइन में लगा गए थे.

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल कला संकाय में पलामू प्रमंडल में टॉपर

- वाणिज्य में द्वितीय और विज्ञान संकाय में तृतीय स्थान पर

संवाददाता । मेदिनीनगर



ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल पलामू के बारहवीं की छात्राएं सानिया फातिमा, आकांक्षा गुप्ता एवं कुमारी आकांक्षा सीबीएसई 2024 की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पलामू प्रमंडल में टॉपर बनी . कला संकाय में सानिया फातिमा राजनीति में 99, अंग्रेजी में 95, इतिहास में 92, मनोविज्ञान में 96 एवं अर्थशास्त्र में 88 अंकों के साथ 94 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में टॉपर रही.

वाणिज्य संकाय में आकांक्षा गुप्ता पेंटिंग में 100, अंग्रेजी में 94, व्यवसायिक अध्ययन में 94, लेखाशास्त्र में 95 एवं अर्थशास्त्र में 90 अंकों के साथ 95 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में द्वितीय स्थान रही. विज्ञान संकाय में कुमारी आकांक्षा पेंटिंग में 100, अंग्रेजी में 94, रसायन शास्त्र में 92, जीवविज्ञान में 95 एवं हिन्दी में 90 अंकों के साथ 94.2 प्रतिशत प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में तृतीय स्थान पर रही. विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के कुल 33 विद्यार्थियों में सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं. विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा. सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में सानिया फातिमा का बेहतर प्रदर्शन कर पलामू प्रमंडल टॉपर बनना विद्यालय, शिक्षक, प्राचार्य व अभिभावकों के लिए गर्व की बात है. विद्यालय के निदेशक डॉ. एसबीपी मेहता एवं प्राचार्य डॉ. ए के. सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर कहा कि - अल्प समय के प्रयास से ही जिला टॉपर बनना मील के पत्थर के समान है. शिक्षकों, अभिभावकों और प्राचार्य के अथक प्रयास से ही यह संभव हो पाया है.

## 10वीं व 12वीं में संत मरियम स्कूल के बच्चों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा

संवाददाता । मेदिनीनगर

सीबीएसई के घोषित 10 वीं व 12 वीं के परीक्षा परिणाम में संत मरियम स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है. 12वीं में कुल 93 व 10 वीं में कुल 374 बच्चों ने परीक्षा दी थी और सभी शानदार अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए.12 वीं वाणिज्य संकाय में अमित गुप्ता ने 91.2 प्रतिशत व रुचि कुमारी 85.6 प्रतिशत के साथ विद्यालय के टॉपर रहे. विज्ञान संकाय (जीवविज्ञान) में अंजली सिंह 95, आकांक्षा भारती 93.4, प्रतीक्षा कुमारी 92.8, अंसु कुमारी 86.8, प्रिया कुमारी 85 व झलक राज 82 प्रतिशत के साथ विद्यालय टॉपर रहे. 12 वीं विज्ञान संकाय (गणित) में अंकित राज 93.4, सुजल कुमार गुप्ता 92.6, अंगद सिंह 88, रश्मि कुमारी 84.2, आयुष रंजन त्रिपाठी 83.8, अभिजीत सोनी 83.2, किसलय कौशल 82.4 व दिव्यांश अमृत 80.6 प्रतिशत के साथ विद्यालय के शीर्ष छात्र रहे. 10 वीं में अंशु राज 96.8, प्रियतम कुमारी 94.8, प्रशांत कुमार 94, आर्यन राज 93.4, शैलवी कुमारी 92.8 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय टॉपर रहे.

### जीजीपीएस के बच्चों का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

**मेदिनीनगर।** सीबीएसई के घोषित 10वीं व 12वीं के परीक्षाफल में सदर प्रखंड अंतर्गत जमुने स्थित माता द्रौपदी नामधारी गुरू गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा. विज्ञान संकाय में शामिल दो दर्जन विद्यार्थियों में से तीन को छोड़ सभी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं. वहीं वाणिज्य संकाय में शत-प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए. 10 वीं में इस वर्ष 233 विद्यार्थियों में 228 सफल रहे. अंकित राज ने 95.4 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है.

### चिनियां में बाइक से गिरकर महिला घायल

**गढ़वा।** जिले के चिनियां थाना क्षेत्र के डोल गांव निवासी हीरो सिंह की पत्नी रीता देवी मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गई. घायलावस्था में उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रीता अपने भाई के साथ डोल से छत्तीसगढ़ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रही थी.

### डेढ़ माह से रमेश लापता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बुका निवासी 45 वर्षीय रमेश रावत पिछले डेढ़ माह से गुमशुदा है. जिसको लेकर उसकी वृद्ध 65 वर्षीय मां मोदरी कुंवर ने भवनाथपुर थाना में गुमसुदगी की सनहा दर्ज करायी है. इस संबंध में मोदरी ने बताया के डेढ़ माह पूर्व घर से मेरा पुत्र अचानक अपने घर से गायब हो गया. किसी प्रकार की जानकारी मिलने पर इस मोबाइल नंबर 9508355027 पर सूचना देने की गुहार लगाई है.

### हादसे में चौकीदार घायल

**गढ़वा।** सदर थाना के चौकीदार शिव कुमार पासवान 30 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया. उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है. घटना के संबंध में चौकीदार शिवकुमार ने बताया कि वह थाना से डाक लेकर एसपी ऑफिस गया हुआ था. वहां से वापस लौटने के दौरान एक बाइक सवार ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया.

### सड़क दुर्घटना में घायल

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव निवासी नरेश शाह का पुत्र प्रवेश शाह मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया. उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है.

**ब्रीफ खबरें**

### बिजली तार की चपेट में आने से अधेड़ झुलसा

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सोरंदा गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से अधेड़ झुलस गया. जिसे ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया. इस बीच घायल व्यक्ति का अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया. जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र अंतर्गत सोरंदा निवासी रघु उरांव उम्र 45 वर्ष करीब 11:30 बजे नहाने के लिए गया था, तभी तार टूटकर पानी में गिरा पड़ा था. पानी में पैर पड़ते ही करंट तार अपनी चपेट में ले लिया.

### सुशील कु मोदी के निधन पर मोर्चा ने जताया शोक

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह भाजपा के कद्दावर नेता सुशील कुमार मोदी (72 वर्ष) के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है. मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने बताया कि सुशील मोदी कर्मठ जुझारू एवं संघर्षशील तथा प्रखर नेता थे. वे सड़क से लेकर सदन तक गरीबों की आवाज बुलंद करते रहते थे. उनके निधन से दलितों की पिछड़ों के लिए गहरा धक्का लगा है. मोर्चा अध्यक्ष श्री राम ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की.

### वज्रपात, एक ही परिवार के छह लोग घायल

**गुमला ।** गुमला थाना क्षेत्र के पतिया गांव में सोमवार की शाम हुए वज्रपात से एक ही परिवार के छह लोग झुलस गए है. स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी लोगों को रात लगभग नौ बजे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां उनका इलाज जारी है. डाक्टर के अनुसार सभी की स्थिति खतरे से बाहर है. घायलों में जितवाहन सिंह 35 वर्ष, पत्नी सन्तरा देवी 32 वर्ष, बेटी आकांक्षा कुमारी 13 वर्ष, बेटा लव सिंह 10 वर्ष , बेटी नन्दनी कुमारी छह वर्ष और बेटी सीता कुमारी तीन वर्ष के नाम शामिल है.

### पलामू जिले में दर्ज की गई पांच प्राथमिकी

**मेदिनीनगर ।** पलामू संसदीय सीट पर चुनाव को लेकर सोमवार को वोट डाले गए. डालटनगंज विस क्षेत्र अंतर्गत तीन प्राथमिकी दर्ज की गई है. बूथ संख्या 28 व 29 में अबकी बार 400 पार का नारा लगाते दो लोग पकड़े गए. पूछने पर उन दोनों ने बताया कि हमलोग संदीप तिवारी के कहने पर यह नारा लगाते हुए पर्ची का वितरण कर रहे हैं. इस संबंध में चैनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है. वहीं, सदर प्रखंड अंतर्गत बूथ 275 पर भाजपा के झंडा के साथ भाजपा का पर्चा वितरण करते हुए सुरेश तिवारी व सतीश तिवारी समेत अन्य पर प्राथमिकी दर्ज कराई है.

### निगम के पार्कों की सुरक्षा और सुविधा की जांच हो

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन रोड स्थित गांधी मैदान पार्क में झूले से गिर कर एक बच्चा चोटिल हो गया और उसके सिर और हाथ में चोट आई है. इस घटना पर झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने कहा कि मैदान में हुई घटना कोई असमान्य घटना नहीं है, पार्क में हमारे घर परिवार के छोटे बच्चे झूला झूलते हैं, ऐसे में असुरक्षित झूलों का होना बहुत ही भयावह है. अभी साल भर भी नहीं हुआ है पार्क का और गांधी मैदान पार्क हो या कहीं अन्य जगह बनाए गए पार्क, रेलिंग और बेंच भी बहुत निम्न स्तर के लगाए गए हैं जो टूटने लगे हैं शहर में लगी सभी लाइटें भी फ्यूज हो चुकी हैं.

**न्यूज अपडेट**

### भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घघाटन



**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ के मुरपा मोड के पुराने होंडा शोरूम में चतरा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन नारियल फोड़ एवं फीता काट कर मंत्रोचारण के बीच हुआ. बतौर मुख्य अतिथि बालूमाथ भाजपा के वरिष्ठ नेता रामजतन साहू, गिरधारी यादव, रामजी सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू ने संयुक्त रूप से उदघाटन किया. उद्घाटन समारोह में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला के पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारी, संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं दर्जनों महिलाए सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### चुनाव को लेकर आदिवासी समाज उदासीन



**चंदवा (लातेहार)।** चंदवा प्रखंड क्षेत्र के चकला पंचायत के पूर्व मुखिया विकास कुमार भगत ने कहा कि क्षेत्र का आदिवासी समुदाय इस लोकसभा चुनाव को ले कर काफी उदासीन हैं. 20 मई को चुनाव है लेकिन अभी तक क्षेत्र में कोई प्रत्याशी आया नहीं है. वे किसी पार्टी के उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि के आने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत करा सके या फिर उनसे कोई बातचीत कर सकेगें. शुभम संदेश से बातचीत करते हुए उन्होने कहा कि जिस पार्टी का प्रत्याशी या प्रतिनिधि यहां पहुंचते हैं वे हमारे क्षेत्र के लोगों के सुख-सुविधा और क्षेत्र के लोगों के लिए सर्वसुलभ होने की बात करते हैं. लेकिन चुनाव के बाद दर्शन तक नहीं देते हैं.

### मृत दंपती के घर पहुंचे सुखदेव भगत



**लोहरदगा।** गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर प्रखंड के हरैया गांव से मतदान करने जा रहे दंपतियों की सड़क दुर्घटना में सोमवार को मौत होने के बाद मंगलवार को लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने हरैया गांव पहुंचकर मृतक के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया. साथ ही पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सरकारी सहायता दिलाने की बता कही. इस मौके पर गुमला जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार भगत , आलोक साहू, पवन गौतम, राजू भगत, अनिल कुमार, फूलदेव उराव आदि उपस्थित थे.

### हाइवा ने युवक को कुचला, दो घंटे तक सड़क जाम

**छतरपुर(पलामू )।** थाना क्षेत्र के मसिहानी के पास डालटनगंज-औरंगाबाद फोरलेन सड़क पर गिट्टी लदे हाइवा ने मंगलवार को एक युवक को कुचल दिया, जिससे मौके पर युवक की मौत हो गयी. हादसे के बाद स्थानीय लोग एवं मृतक के परिजन आक्रोशित हो गए एवं फोरलेन को दो घंटे तक जाम रखा. इस दौरान दोनों तरफ से वाहनों की कई किमी लम्बी कतारें लग गयी. बाद में थाना प्रभारी राजेश रंजन के समझाने पर सड़क से जाम हटाया गया. मृत युवक की पहचान मसिहानी निवासी बिजेंद्र उरांव (40) के रूप में की गयी है. यह घटना गलत दिशा से आ रहे गिट्टी लदे हाइवा गाड़ी की चपेट में आने से घटी. बिजेंद्र मोपेड गाड़ी पर सवार थे. छत्तरपुर बाजार की तरफ से अपने घर जा रहे थे. फोरलेन बाइपास पर बिरसा मुंडा चौक के पास पड़वा मोड़ की तरफ से आ रहे अनियंत्रित हाइवा ने उन्हें चपेट में ले लिया, जिससे बिजेंद्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई.

### भाजपा प्रदेश प्रभारी ने चुनावी तैयारियों का लिया जायजा



**बालूमाथ, लातेहार :** भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी चुनावी दौरे के क्रम में बालूमाथ पहुंचे. यहां उन्होने चुनावी तैयारियों का जायजा लिया. चुनाव कार्यालय में भाजपाइयों के द्वारा माला पहना कर प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया गया. उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से चुनाव में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ने का आह्वान किया. उन्होंने 20 मई को भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह को अधिक से अधिक मतो से विजयी बनाने की अपील की. कहा कि इस लोकसभा चुनाव में एनडीए को 400 से अधिक सीटें मिलेगी और तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे.

### सोशल वर्कर संस्था ने किया भंडारा का आयोजन



**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया. भंडारा में सुरेश जायसवाल के पुत्र सुधांशु कुमार ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रसाद स्वरूप पूड़ी-सब्जी, बुन्दिया व रसगुल्ला का वितरण किया. मौके पर सुधांशु ने बताया कि सोशल वर्कर संस्था का फूड फॉर हंगर का यह प्रोजेक्ट काफी सुंदर है. संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के लोग फूड फॉर हंगर प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं. मौके पर सदस्य शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, उमंग सोनी, बिकु राजदेव, राज कश्यप आदि उपस्थित थे.

### 18 को दाता पीर बक्शशाह का सालाना उर्स



**हुसैनाबाद, पलामू ।** हुसैनाबाद स्थित दाता पीर बक्शशाह रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स को लेकर खगड़िया मुहल्ला स्थित इब्राहिम सेठ के आवास पर बैठक हुई, सर्वसम्मति से तैयारी समिति का गठन किया गया. इसमें संरक्षक मसरूर अहमद, हाजी अब्बास कादिरी, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, जाकी हुसैन उर्फ शम्मू हुसैन, संयोजक इब्राहिम सेठ, कार्यकारी अध्यक्ष डाक्टर एजाज आलम को चुना गया. जबकि मीडिया प्रभारी मो जफर, सह मीडिया प्रभारी संजय ओझा को चुना गया है. एक दर्जन लोगों को कार्यकारिणी समिति में रखा गया है. कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर एजाज आलम ने कहा कि उर्स को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. उर्स की शुरुआत 18 मई को रात्रि में शानदार चादर पोशी और तकरीर जलसा का आयोजन किया जाएगा. 19 की रात शानदार कव्वाली मुकाबला होगा.

**इंतजार**

### प्रखंड में 33 हजार की आबादी को आज तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं

# कैरो प्रखंड आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है

विनोद रविदास । कैरो/लोहरदगा

नव सृजित प्रखंड सह अंचल कार्यालय कैरो को बने डेढ़ दशक से अधिक समय बीत चुका है.आज भी प्रखंड मूलभूत सुविधाओं से वचित है. प्रखंड में 33 हजार की आबादी को जहां शुद्ध पानी नहीं मिल पाता ,वहीं घायलों के लिए एम्बुलेंस तक की व्यवस्था नहीं है.

प्रखंड में कुल छह पंचायत है जिसके अंतर्गत कुल 26 गांव हैं, यहां की कुल आबादी 2011 के अनुसार लगभग 33 हजार की है. कैरो प्रखंड सृजित के डेढ़ दशक बाद भी लोगों को मूलभूत आवश्यकताओं से महरूम रहना पड़ रहा है. प्रखंड में उच्च तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए खुद से वैकल्पिक व्यवस्था करना पड़ता है. प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत अंतर्गत एड़ादोन के समीप कोयल नदी के किनारे 2017-18 में लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से आईटीआई की पढ़ाई शुरू कराने के लिए बने भवन निर्माण विभाग ने कराया था. आईटीआई भवन का निर्माण संवेदक ने पूर्ण कर विभाग को सौंप दिया . लेकिन पांच साल बाद भी इस भवन का उपयोग नहीं हो रहा है.सिर्फ यही नहीं बल्कि करोड़ों रुपये की लागत से प्रखंड मुख्यालय से महज 600 मीटर की दूरी पर बनाया गया अस्पताल सरकार और सरकारी बाबूओं की लापरवाही के कारण तबाह हो गए.

**करोड़ों रुपये खर्च बना टंकी बेकार :** प्रखंड क्षेत्र के लोगों को आज भी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हेतु वर्ष 2021 में करोड़ों रुपये खर्च कर हजारों लीटर क्षमता वाले पानी टंकी का निर्माण प्रखंड परिसर पर करने के पश्चात नंदनी नदी में स्पेशल बोरिंग किया गया. यहां पर पानी फ़िल्टर के लिए तमाम संयंत्रों को लगाकर घर-घर कनेक्शन दिया गया. परंतु विभागीय अधिकारियों एवं ग्राम स्वच्छता समिति की लापरवाही के कारण आज तक एक जलसहिया का चयन न होना पेयजल एवं स्वच्छता लोहरदगा की उदासीनता को प्रदर्शित करता है.



**एम्बुलेंस के अभाव, मरीजों को हो रही परेशानी**

इधर डेढ़ दशक गुजर जाने के बावजूद कैरो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं मिल पाया है .कैरो में आए दिन सड़क दुर्घटना होते रहती है, लेकिन एम्बुलेंस के अभाव के कारण घायलों को समय से ना तो प्राथमिक उपचार मिल पाता है और न ही समय से अस्पताल पहुंच पाते हैं . प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित खाद्यान आपूर्ति के लिए बनाया गया भवन जर्जर हो चुका है . पांच वर्ष पूर्व लगभग छः लाख के लागत से भवन का निर्माण कार्य किया गया था . भवन का आज तक उपयोग में नहीं लाने के कारण जर्जर हो गई है . विगत 18 माह पूर्व चार लाख के लागत से भवन का मरम्मती का कार्य कराया भी गया था, फिर भी भवन का उपयोग नहीं होना कहीं न कहीं सरकारी राशि का दुरूपयोग को दर्शाता है .

# मच्छरों के आतंक से लोग परेशान संक्रमण की आशंका, विभाग सुस्त

संवाददाता । भंडरा/लोहरदगा



जिले के भंडरा प्रखंड में मच्छरों के प्रकोप से क्षेत्र वासियों को मुश्किल में डाल दिया है. बता दें कि क्षेत्र में दवा का छिड़काव नहीं किए जाने से लोग काफी परेशान हैं. जानकारी के मुताबिक विभाग के पास दवा की उपलब्धता खत्म हो गई है. लोग विभाग के पास दवा की आपूर्ति के लिए मांगे रख चुके हैं. उल्लेखनीय है कि मौसम के बदलते मिजाज और अप्रैल मई में शुरू हुई गर्मी से मच्छरों का प्रकोप पूरे प्रखंड क्षेत्र में बढ़ गया है. इन मच्छरों से आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. लोग मच्छरों से होने वाले संक्रमण को लेकर काफी भयभीत हैं, अस्पतालों में भी मौसम में बदलाव को लेकर बीमार लोगों की संख्या काफी बढ़ गई है. सबसे बड़ी बात यह है कि क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली भी जारी है आंधी तूफान के कारण सही से बिजली बहाल नही हो पा रही है. इधर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मच्छरों से बचाव के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है अब तक डीडीटी का भी छिड़काव नहीं किया जा सका है, विभाग के पास दवा के छिड़काव के लिए कई मशीनें होने के कारण भी छिड़काव के लिए दवा तक उपलब्ध नहीं है. यहां पर मच्छरदानी लगाये जाने के बाद भी थोड़ी सी चूक में मच्छर मच्छरदानी के अंदर प्रवेश कर जाती है, शहर में सफाई व्यवस्था के बाद भी आलम यह है कि हर इलाके में कमोवेश मच्छरों का भयावह प्रकोप हो गया है. यहां पर शाम ढलते ही मच्छर लोगों को परेशान करने लगते हैं मच्छरों की अधिकता के कारण फस्ट कार्ड भी काम नहीं कर रहा है.

## ब्रीफ खबरें

### टाटानगर स्टेशन से दो भिक्षुक का शव बरामद

**जमशेदपुर ।** टाटानगर स्टेशन ने मंगलवार को दो शव बरामद किया गया. एक शव टाटानगर एफओबी के पास से बरामद किया गया जो एक 40 वर्षीय महिला का है. टाटानगर रेल पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इधर, दूसरा शव मेन रोड की तरह से एंट्री गेट के पास बरामद किया गया. यह शव एक 30 वर्षीय पुरुष का था जिसे बागबेड़ा पुलिस ने जब्त किया. मिली जानकारी के अनुसार दोनो मृतक स्टेशन परिसर में भीख मांगकर गुजारा करते थे. दोनो के शव को 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम के शव गृह में रखवा दिया गया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### दिल्ली पब्लिक स्कूल का 10वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत

**चक्रधरपुर।** सीबीएसई दसवीं बोर्ड के रिजल्ट में चक्रधरपुर के दिल्ली पब्लिक स्कूल का रिजल्ट इस वर्ष शत प्रतिशत रहा.दिल्ली पब्लिक स्कूल के विनीत कुमार प्रधान ने 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बने. वहीं सुप्रिया महतो ने 90.20 प्रतिशत व राघव कोठारी ने 84.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व तृतीय टॉपर के स्थान पर रहें.स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत होने पर स्कूल के निर्देशक सुनील कुमार यादव व प्रधानाचार्य गिरधारी दास समेत सभी शिक्षकों ने खुशी जाहिर की. निर्देशक ने कहा कि आने वाले परीक्षाओं में भी छात्र-छात्राएं बेहतर परिणाम देंगे.

### अपनी नाकामी छुपाना चाहती है झामुमोः संघ

**चाईबासा।** सिंहभूम लोकसभा के तीन विधानसभा में कल जिस तरह से ईचा डैम प्रभावित क्षेत्र में पैसा बहाया गया यह चर्चा का विषय है. इससे साफ झलकता है कि लोकतंत्र के महापर्व में धन-बल से अपनी नाकामी झामुमो छुपाना चाहती है. विस्थापित ग्रामीणों को अपने झूठे आश्वासन से जब अपने पक्ष में नहीं कर सकी तो, उनके वोटों को को नोटों से खरीदना चाहती है. ये बातें जान जागरण सह जनांदोलन सभा को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष बिर सिंह बुड़ीउली ने कही. सोगोड साई में बुरजू बारजो की अध्यक्षता में आयोजित हुई.

### कल से अंतर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबला शुरू

**चाईबासा :** 13वीं ज्ञान चंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सुपर डिवीजन मुकाबले कल से प्रारंभ हो रहे हैं. ग्रुप लीग मुकाबले की समाप्ति के बाद अंक तालिका के आधार पर ये तय हो गया है कि किस ग्रुप से कौन सी टीम सुपर डिवीजन के लिए क्वालीफाई की है. जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि ग्रुप लीग मैच के खत्म होने के बाद प्रत्येक ग्रुप से सर्वोच्च स्थान पर रहने वाली टीम ही सुपर डिवीजन के मुकाबले के लिए क्वालीफाई करती है. इसके तहत ग्रुप-ए से अपने तीनों लीग मैच जीतकर बारह अंकों के साथ पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पहले पायदान पर है .

### अंजनी कुमार को मिला कांड्रा थाना का प्रभार

**आदित्यपुर।** अंजनी कुमार को कांड्रा थाना का नया प्रभारी बनाया गया है. मंगलवार को उन्होंने विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया है. वे विनोद मुर्मू की जगह लेंगे. गीता कोड़ा प्रकरण में चुनाव आयोग की कार्रवाई के बाद विनोद मुर्मू को हटा दिया गया था. बता दें कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुए तबादले में अंजनी कुमार का चाईबासा ट्रांसफर हुआ था. अंजनी कुमार इससे पहले जमशेदपुर में पदस्थापित थे. स्वास्थ्य कारणों से उनका सरायकेला तबादला कर दिया गया था.

## दो किलोमीटर दूर खेत में चुएं से पानी ढोकर ला रहे ग्रामीण, किसी तरह बुझा रहे अपनी प्यास

# शारदा टोला के 200 परिवारों को नहीं मिल रहा पानी

संवाददाता । मझगांव



मझगांव प्रखंड अंतर्गत नयागांव पंचायत के ग्राम शारदा टोला रुगुडसाई के लगभग 200 परिवारों को नहीं मिल रहा पानी. दो किलोमीटर दूर खेत पर चुआं से पानी लाकर परिवारों का बुझा रहा प्यास. केंद्र सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि हर गांव टोला में पानी पहुंचाने का दावा कर रहे हैं लेकिन शारदा गांव में हकीकत कुछ और है.

गांव के लोग मई माह के 40 डिग्री गर्मी में 2 किलोमीटर दूर खेत में बना गड्ढा से छान कर पानी ला रहे हैं और परिवारों का प्यास बुझा रही है. गांव के ग्रामीणों ने कहा कि हमारे यहां कई वर्षों पूर्व से 3 नलकूप लगा है लेकिन बीते दो वर्षों से सभी नलकूप खराब है. एक नलकूप में 14 वित्त आयोग द्वारा पंचायत फंड से सोलर आधारित जल मीनार लगा था लेकिन दुर्भाग्य वर्ष कुछ दिन बाद ही जलमीनार खराब हो गया. इसके लिए हम सभी ग्रामीणों ने कई दफा पंचायत मुखिया से लेकर प्रखंड में आवेदन तक दे चुके हैं लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ. शिकायत के बाद भी हम ग्रामीणों का कोई सुनने वाला नहीं है. बीते वर्ष जल नल योजना से टोला में बोरिंग करवाई गई थी हम सभी ग्रामीण काफी खुश थे कि अब हम लोगों का समस्या दूर होगी लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी कोई कार्य नहीं हुआ. एजेंसी के कर्मी पिछले माह गांव में आई और निचला स्ट्रक्चर का कार्य करी और चली गई.

उन लोगों का आज तक कोई आता पता नहीं है. पानी नहीं रहने से सबसे ज्यादा परेशानी हम मजदूर ग्रामीणों को होती है क्योंकि सुबह में कार्य पर जाना होता है और घर में पानी नहीं रहने से कार्य छोड़कर 2 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है इनके अलावा स्कूली बच्चों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. क्योंकि गांव के प्राथमिक विद्यालय शारदा में भी कई माह से नलकूप खराब है. वहां की रसोइया दूर से पानी लाकर मध्यान भोजन बनाती है. हालत यह है कि बच्चों को ना गांव में पानी मिल रहा है और ना ही विद्यालय में. मौके पर सावित्री पिंगुवा, लिली पिंगुवा, कैलाश गोप, जगदीश पिंगुवा, कोलाय पिंगुवा, सेरगेया पिंगुवा परशुराम पान, शुकरा गोप, सोना सिंह पिंगुवा, चक्रधर पिंगुवा, महेंद्र हेंब्रम, सरवण पान, पद्मावती हेंब्रम, कविता पिंगुवा, आदि सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थे

## महिला कॉलेज में सभी ईवीएम सील, 4 जून को खुलेगा ईवीएम

# 14 प्रत्याशियों का भाग्य हुआ चाईबासा के स्ट्रॉन्ग रूम में बंद

संवाददाता । चाईबासा



सोमवार रात से ही निर्वाचन दल अपने मतदान केंद्रों से लौटे और सभी ईवीएम को स्ट्रॉन्ग रूम में रखवाया गया. सोमवार दिन रात तक ईवीएम आता रहा. मंगलवार सुबह तक सभी एवं पहुंच गया जिसके बाद राजनीतिक दल के पदाधिकारी के सामने सील कर दिया गया. ईवीएम महिला कॉलेज के स्ट्रांग रूम में सील किया. मनोहरपुर क्षेत्र के मतदान केंद्र के पदाधिकारी मंगलवार सुबह ही पहुंचे. वरिष्ठ अफसरों की मौजूदगी में यह कार्यवाही की गई.

मालूम हो कि सिंहभूम लोकसभा सीट के अंदर 6 विधानसभा के मतदान केंद्र आते हैं. जिसमें मनोहरपुर विधानसभा, जगन्नाथपुर विधानसभा, मझगांव विधानसभा, चक्रधरपुर विधानसभा, चाइबासा विधानसभा और सरायकेला विधानसभा शामिल है. पूरे लोकसभा क्षेत्र में 1712 मतदान केंद्र बनाए गए थे. पूरे लोकसभा में 70.50% मतदान हुए. लोकसभा चुनाव में कुल 14 प्रत्याशी शामिल है. 14 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया. इस दौरान आब्जर्वर के अलावा उपयुक्त कुलदीप चौधरी, एसपी आशुतोष शहर समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे.

**महिला कॉलेज में सील ईवीएम 4 जून को खुलेगा :** महिला कॉलेज में सील ईवीएम मशीन 4 जून को खुलेगा. महिला कॉलेज के एक भाग तरफ दीवार को बंद कर दिया गया. ताकि कोई भी अंदर प्रवेश न कर सके. साथ ही पूरी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई. 50 से अधिक फोर्स ईवीएम मशीन के इर्द-गिर्द तैनात रहेंगे. इसके अलावा दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की नियुक्ति किया गया. चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है, ताकि किसी तरह की घटना घटित ना हो.

### सारंडा से ईवीएम व वीवीपैट के साथ मतदानकर्मी चाईबासा पहुंचे

संवाददाता । किरीबुरु



नक्सल प्रभावित सारंडा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के बाद आज करमपदा, मेघाहातुबुरु, थोलकोबाद स्थित हेलिपैड से वायुसेना के हेलिकौप्टर द्वारा सारे मतदान कर्मियों को ईवीएम व भीभीपैट मशीन के साथ सुरक्षित चाईबासा भेजा गया. वायुसेना का उक्त हेलिकौप्टर सबसे पहले करमपदा से तथा उसके बाद मेघाहातुबुरु से सारे मतदान कर्मियों को लेकर उडा़न भरा. वोटिंग से संबंधित सारे मशीनों को चाईबासा स्थित स्ट्रौंग रुम में सुरक्षित रखा जायेगा.

### जमशेदपुर लोस सीट के लिए होम वोटिंग शुरू

**जमशेदपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाताओं (85 ) एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग के माध्यम से वोट कराए जा रहे हैं. घाटशिला प्रखंड के मसांग टुडू, जिनकी बूथ संख्या 188 है, उन्होंने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया. जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 226 मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया था. सभी छह विधानसभा क्षेत्र के 85 आयु एवं कम से कम 40 फीसदी दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रथम चरण में 14-19 मई तक एवं दूसरे चरण में 21-22 मई तक होम वोटिंग माध्यम से पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराया जाएगा. इसी क्रम में मतदान कर्मी मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान करा करा रहे हैं. बता दे कि 25 मई को जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है. इसके लिए 25 प्रत्याशी मैदान में है. वहीं जमशेदपुर लोकसभा सीट के छह विधानसभा क्षेत्रों में 18 लाख से ज्यादा वोटर है जो मतदान करेंगे.

### अजाइल लर्निंग क्लासेस के छात्रों का उम्दा प्रदर्शन

**आदित्यपुर ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अजाइल लर्निंग क्लासेस के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड एग्जाम में उत्कृष्ट रिजल्ट दिया गया है. यह इंस्टीट्यूट आदित्यपुर दो और आदित्यपुर एक में स्थित है. यहां के संचालक अमरेश कुमार द्वारा बताया गया कि संस्थान से 10 बच्चे ऐसे हैं जो 90% से ज्यादा स्कोर किए हैं. जिनमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों में आशीष आनंद 96.02%, रिया 95.4%, ऋतुराज 93.2 %, प्रीति 93.6%, राहुल दास 91.6%, किंशुक 90.6%, अमृतांशु 92.6% शामिल हैं. संचालक अमरेश कुमार ने बताया कि काफी कम फीस लेकर उच्च गुणवत्ता की पढ़ाई बच्चों को पढ़ाई जाती है.

## न्यूज अपडेट

### डीएवी की अनन्या बनना चाहती हैं इंजीनियर



**आदित्यपुर ।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में डीएवी बिष्टुपुर की अनन्या कश्यप ने 97% मार्क्स लाकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है. उसकी इस उपलब्धि से उसके स्कूल की प्रिंसिपल प्रज्ञा सिंह और बाकी सभी शिक्षक बेहद खुश हैं. इलाईट टावर आदित्यपुर की रहने वाली अनन्या कश्यप ने बताया कि उसने सेल्फ स्टडी से ही अपने पिता के मार्गदर्शन में 10वीं बोर्ड की तैयारी की थी. 12वीं बोर्ड के बाद वह इंजीनियर बनना चाहती है. उसके पिता बृजेश कुमार राय मध्य विद्यालय करनडीह के शिक्षक हैं और मां बबीता राय ग्रहिणी है.

### गायत्री शिक्षा निकेतन का 10वीं का रिजल्ट शत- प्रतिशत



**आदित्यपुर।** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं में गायत्री शिक्षा निकेतन स्कूल आदित्यपुर का शत प्रतिशत रहा है. इस स्कूल के 230 बच्चों ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में भाग लिया था जिसमें सभी 230 बच्चे सफल हुए हैं. स्कूल की छात्रा रक्षा साहू ने 96.8 % अंक प्राप्त कर विद्यालय का प्रथम टॉपर बनी है. जबकि मयंक पाणी ने 93.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय टॉपर एवं अभिषेक ज्योतिषी ने 91% अंक प्राप्त कर तृतीय टॉपर बनकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है. विद्यालय के तीनों टॉपर आगे चलकर साइंस की पढ़ाई कर कुशल इंजीनियर बनकर समाज सेवा करना चाहता है.

### सेंट्रल पब्लिक स्कूल का शत- प्रतिशत रहा रिजल्ट



**आदित्यपुर ।** सीपीएस (सेंट्रल पब्लिक स्कूल) आदित्यपुर का सीबीएसई बोर्ड का 10वीं और 12वीं का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा है. यहां के 10वीं के सभी 223 और 12वीं के सभी 90 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल किया है. 10वीं में जहां जागृति बारीक ने 97 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल टॉपर रही, वहीं अश्विनी कुमार 96.8 फीसदी के साथ द्वितीय और 96 फीसदी अंक के साथ आशीष आनंद तीसरे स्थान पर रहा. जबकि 12वीं के साइंस स्ट्रीम में 92.4 फीसदी के साथ रिद्धिमान साहा स्कूल टॉपर रहे.

### 10वीं व 12वीं में पीसीएस किरीबुरु का बेहतर प्रदर्शन



**किरीबुरु ।** सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में प्रोजेक्ट सेंट्रल स्कूल किरीबुरु के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया . इस विद्यालय से दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 31 बच्चे शामिल हुये, जिसमें शुभाश्री बिरुली (386 अंक, 77.2 फीसदी), सौम्याश्री मिश्रा (362, 72.4 फीसदी), शीतल कुमारी (343, 68.6 फीसदी), यापेट भेंगरा (309, 61.8 फीसदी) ने प्रथम श्रेणी, 26 द्वितीय श्रेणी से पास तथा 1 कम्पार्ट हुआ. बारहवीं बोर्ड आर्ट्स की परीक्षा में 28 बच्चों में 16 प्रथम, 10 द्वितीय, एक कम्पार्ट व एक फेल हुये. इसमें टौप पांच में शबनम निषा (400, 80 फीसदी), निशा शर्मा (393, 78.6 फीसदी) के साथ क्रमशः रही.

### सुमित कुमार और प्रीतिश बना डीएवी गुवा टॉपर



**नोवामुंडी।** सारंडा वन क्षेत्र स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल गुवा के बच्चों ने कक्षा दशम एवं द्वादश विज्ञान संकाय सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उम्दा प्रदर्शन कर फिर से इस बार डीएवी गुवा का नाम पूरे जिले के साथ - साथ झारखंड राज्य में गौरवान्वित किया है. कक्षा दशम विद्यालय के टॉपरों में प्रथम सुमित कुमार 94 प्रतिशत, द्वितीय अपूर्व 91 प्रतिशत एवं तृतीय प्रियांशु शेखर बेहरा 90 प्रतिशत लाकर गुवा के चमकते सितारे के रूप में पूरे गुवा मे दिख रहे है. कुल 86 बच्चों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है. कक्षा द्वादश विज्ञान संकाय के परीक्षा परिणाम से प्रथम प्रीतिश पाणीग्रही 93 प्रतिशत, द्वितीय ऋषिता सामंता 87.4 प्रतिशत तथा तृतीय दिशा कुमारी 80.8 प्रतिशत प्राप्तांक से रही. प्राचार्या उषा राय ने कहा कि बच्चों के कठिन परिश्रम एवं विद्यालय के शिक्षकों के लगातार मेहनतरत रहने के कारण बच्चों का परीक्षा परिणाम संतोषजनक एवं प्रसंसनीय रहा है. बच्चों के सच्चे प्रेरक एवं मार्ग दर्शक सेल गुवा पदाधिकारियों के प्रति धन्यबाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले भविष्य में डीएवी गुवा का परीक्षा परिणाम और भी बेहतर होगा.

### बिना योजना बोर्ड के ही हो रही नाली निर्माण, ग्रामीणों में रोष



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पाटपुर पंचायत अंतर्गत पाटपुर गांव में आरसीसी से स्वीकृत नाली निर्माण कार्य चल रहा है. वहीं निर्माण कार्य में योजना से संबंधित किसी प्रकार का सूचना बोर्ड नहीं लगा है.साथ ही शिलापट्ट में शिलान्यास का तिथि भी उल्लेख नहीं है. जिसके कारण लोगों को योजना से संबंधित जानकारी नहीं मिल पा रही है. वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त गली में नाली निर्माण अति आवश्यक है. लेकिन निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो इसकी मांग ग्रामीणों ने की. साथ ही ग्रामीणों का कहना है कि योजना बोर्ड लगने से योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी मिलती है. पर संवेदक के मनमानी व लापरवाही साफ झलक रही है . जिस पर ग्रामीणों की काफी रोष है. उधर इस संबंध में संवेदक से संपर्क करने का कोशिश किया गया लेकिन वे फोन रिसीव नहीं किया.

### संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर का अभूतपूर्व परिणाम



**घाटशिला ।** सीबीएसई के 10 वीं और 12वीं बोर्ड के नतीजे घोषित कर दिया गया. मंगलवार विद्यालय प्रबंधन की ओर जानकारी दी गई की घाटशिला स्थित संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के 10वीं से कुल 132 छात्रों ने तथा 12वीं वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के कुल 152 छात्रों ने परीक्षा दी थी. छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया और विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा. प्रधानाचार्या नीलकमल सिन्हा ने कहा कि यह छात्रों, शिक्षकों व उनके अभिभावकों के समर्पण अथक प्रयास और उनकी कड़ी मेहनत का ही नतीजा है. विद्यालय प्रशासिका शोभा गनेरीवाल, विद्यालय प्रबंधक डॉ प्रसेनजीत कर्मकार, शिक्षक प्रभारी अनूप कुमार पटनायक एवं समस्त विद्यालय परिवार ने छात्रों को शुभाशीष व शुभकामनायें देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

## छपरहिया मोहल्ला पेयजल आपूर्ति की समस्या पर लोगों ने जताया असंतोष

# जुगसलाई नप का ग्रामीणों ने किया घेराव

मुख्य संवाददाता



जमशेदपुर । जुगसलाई स्थित छपरहिया मोहल्ला के लोगो ने मंगवार को पेयजल की समस्या को लेकर नगरपरिषद का घेराव किया. साथ ही बिजली कटौती के मामले पर असंतोष जताया. छपरहिया मोहल्ला के बगल में ही स्थित सफीगंज मोहल्ला में भी पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है, जिसका समाधान अब तक नही हो सका है. मोहल्ला वासियों ने बताया कि बढ़ती आबादी के कारण पेयजल की खपत बढ़ रही है और वर्तमान में बोरिंग का लेयर नीचे चला गया है. इस वजह से सप्लाई वाटर पर ही लोग निर्भर हैं. आरपी पटेल हाई स्कूल में लगे वॉटर टावर से कई मोहल्ले व बस्ती में पानी की सप्लाई होती है. घेराव कर रहे लोगों ने बताया कि चूंकि सबको पानी लेने का समान अधिकार है, बावजूद सिर्फ छपरहिया मोहल्ला में प्रेशर वाल्व लगाकर सफीगंज मोहल्ला में पानी देने के कारण इस मोहल्ला में पानी की किल्लत हो रही है. साथ ही बिजली भी काटी जा रही है. वॉटर टावर में पानी का मीटर भी नहीं लगा हुआ है. इस कारण यह पता भी नहीं चलता है कि टंकी में कितना पानी है.

**प्रेशर वाल्व बदलने के चलते आपूर्ति ठप रहा :** लोगों ने बताया कि प्रेशर वाल्व लगने के कारण पानी बाधित हो रहा है. एक तरफ दूसरी बस्ती में पानी बिना प्रेशर वाल्व के भेजा जा रहा है दूसरी ओर वाल्व लगा दिया गया है. स्थानीय लोगों ने इसे अनुचित व भेदभाव पूर्ण रवैया बताते हुए कहा है कि विभाग को सिर्फ छपरहिया मोहल्ला में ही वाल्ब लगाने की क्या आवश्यकता पड़ गई. आखिर फिर भी सफीगंज मोहल्ला में पानी नहीं आ रहा है, फिर क्यों इस मोहल्ले के लोगों को परेशान किया जा रहा है. मोहल्ला वासियो की ओर से पेयजल विभाग के नाम नगरपरिषद के विशेष पदाधिकारी को मांग पत्र सौंप गया. साथ ही सफीगंज मोहल्ला में पानी की समस्या का निवारण किसी और माध्यम से करते हुए छपरहिया मोहल्ला में लगे प्रेशर वाल्ब को हटाने की मांग की गयी है. इस दौरान प्रवीण प्रसाद, रंजन पांडेय, अमर तिवारी, विकास सिंह, मोनू तिवारी, शुभम, राजेश सिंह, पिंटू सिंह समेत मोहल्ला के अन्य लोग उपस्थित थे.

**Format C-7**

*(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)*

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates**

*(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)*

Name of Political Party : NOT APLICABLE
*Name of the Election : LOK SABHA ELECTION 2024
Name of State/ ~~UT~~: JHARKHAND
(1) Name of the Constituency - CHATRA (LOK SABHA) - JHARKHAND
Name of the candidate – ABHISHEK KUMAR SINGH

| Sl. No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | NOT APPLICABLE |
| | b. | Case no. | NOT APPLICABLE |
| | c. | Name of the Court | NOT APPLICABLE |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | NOT APPLICABLE |
| | e. | Date of conviction, if any | NOT APPLICABLE |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NOT APPLICABLE |
| | g. | Any other information required to be given | NOT APPLICABLE |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | I have no criminal cases pending against me and I am contesting as Independent Candidate. Hence this clause is NOT APPLICABLE. I am contesting election on the grounds of my qualifications, achievements and merits. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | NOT APPLICABLE |

~~* In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.~~

**ABHISHEK KUMAR SINGH**
**(INDEPENDENT CANDIDATE)**
(Signature of Candidate)

▼ ब्रीफ खबरें

### रामगढ़ में जायसवाल के लिए सरमा भरेंगे हुंकार

**रामगढ़।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा रामगढ़ में भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के लिए हुंकार भरेंगे. रामगढ़ के रजरप्पा सीसीएल ग्राउंड में 15 मई को वह जनसभा को संबोधित करेंगे. उनके आगमन को लेकर भाजपा और गठबंधन दल के नेताओं ने तैयारी पूरी कर ली है. इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को चितरपुर स्थित आजसू प्रधान कार्यालय और रामगढ़ में भाजपा पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई. सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को लेकर पहुंचे. उन्होंने कहा कि यह विशाल जनसभा ऐतिहासिक होगा, जिसमें बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता शामिल होंगे.

### तिवारी का मानसिक संतुलन बिगड़ा : सीटू

**हजारीबाग।** सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा है कि दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय नेता मनोज तिवारी भाजपा के पक्ष में प्रेस वार्ता करते समय चंद्रवंशी समाज के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करके देश के समस्त चंद्रवंशी समाज का अपमान किया है. इससे समस्त चंद्रवंशी समाज काफी आक्रोशित है. भाजपा नेता मनोज तिवारी का यह घटिया हरकत किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. लोकसभा चुनाव के समय मनोज तिवारी जान बूझकर एक जाति विशेष को अपमानित करने के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है जो निंदनीय है. हम इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं. मनोज तिवारी को समझना चाहिए कि हजारीबाग सहित पूरे देश में चंद्रवंशी समाज का काफी वोटर है.

### आचार संहिता उल्लंघन में आजसू नेता बरी

**हजारीबाग।** हजारीबाग मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (सीजेएम) कोर्ट ने आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा और कपिलदेव महतो को बरी कर दिया. दस वर्षों तक चले इस मुक़दमे में साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने आरोपी को निर्दोष करार देते हुए रिहा कर दिया. मुक़दमे की पैरवी अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद जायसवाल और अधिवक्ता प्रमोद कुमार वर्मा ने किया. पार्टी के केंद्रीय सदस्य आनंद सिंह, विजय वर्मा, लालचन्द महतो, सुरेंद्र महतो, जितेंद्र कुमार, धीरेंद्र सिंह, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, नगर अध्यक्ष आफताब आलम, नगर सचिव अविनाश कुमार, महिला मोर्चा की संगीता बरला, सुहानी एक्का आदि ने खुशी जताई.

### इनलाइटमेंट के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

**रामगढ़।** शिवाजी रोड रामगढ स्थित इनलाइटमेंट फाउंडेशन संस्थान के बच्चों ने इंटर वाणिज्य संकाय में काफी उम्दा प्रदर्शन किया है. संस्थान की सृष्टि मारवाह 93.6 प्रतिशत अंक लाकर जिला सेकेंड टॉपर बनी है. मानवी मारवाह ने मानविकी विज्ञान में 94.4, आस्था आनंद 84.2, तृप्ति मारवाह 84 प्रतिशत, भूमिका कश्यप 83.4, कनिष्क बंसल 90.4 प्रतिशत अंक लाकर संस्थान का नाम रौशन किया है. मंगलवार को सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि समाजसेवी विजय मेवाड, संस्थान की संचालिका हरमीत कौर, नरेंद्र सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बुके देकर सम्मानित किया. मेवाड ने कहा कि सीए व वाणिज्य संकाय के कोचिंग के लिये विश्वासी संस्थान बन चुका है.

जयंत सिन्हा के पुत्र आशीर सिन्हा ने कहा-पहली बार चुनावी कार्यक्रम में आया हूं, भीड़ अभूतपूर्व

# भाजपा सांसद के पुत्र के कांग्रेस ज्वाइन करने की चर्चा

**संवाददाता।हजारीबाग**

बरही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम के बाद निवर्तमान सांसद जयंत सिन्हा के पुत्र आशीर सिन्हा चर्चा में आ गए. उनका कांग्रेस नेताओं के साथ एक फोटो वायरल हुआ, जिसमें वे मंच पर दिखाई दे रहे हैं. साथ ही कहा गया कि उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन कर लिया. हालांकि बाद में सांसद के करीबी ने इसका खंडन कर दिया. प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वे बस कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भाषण सुनने गए थे. वैसे सवाल उठना लाजमी है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सुनते-सुनते वे आखिर मंच पर कैसे जा पहुंचे?



हालांकि लोग कह रहे हैं कि यह मामला कहीं पे निगाहें कहीं पे निशाना वाली बात है.

वहीं इस संबंध में मीडिया के समक्ष जयंत सिन्हा के बेटे आशीर सिन्हा ने कहा कि पहली बार कोई चुनावी कार्यक्रम में हिस्सा लिया हूं. जिस तरह से कार्यक्रम में भीड़ देखने को मिल रही है ऐसा पहले कभी नहीं देखा था. ऐसा लग रहा है कि हजारीबाग से जयप्रकाश भाई पटेल विजय होंगे. उनका ये भी कहना है कि राजनीति में आने का कोई शौक नहीं है. वह मॉडलिंग के क्षेत्र में अपना करियर बना रहे हैं. साथ ही हजारीबाग वासियों को कैसे फिट रखा जाए इसके लिए भी भविष्य में काम करना है. चुनावी सभा देखकर बेहद अच्छा लग रहा है. यह उत्सुकता है कि कैसे चुनाव में कैंपेनिंग होता है, कैसे लोग भाषण देते है. उनके साथ कई लोग भी उपस्थित रहे. जब भरी मंच से उन्होंने कहा कि वो जयंत सिन्हा के पुत्र हैं तो ताली की गड़गड़ाहट से माहौल गूंज उठा. वहीं कई लोगों ने उनके साथ सेल्फी लेते हुए भी दिखे. बहरहाल, यह दिखने वाली बात होगी ऋषभ वाटिका के दो पीढ़ी के समर्थन से जयप्रकाश भाई पटेल को कितना लाभ मिल पाता है.

**खास बातें**

- खड़गे के मंच पर कांग्रेस नेताओं संग फोटो वायरल
- हालांकि बाद में सांसद के करीबी ने खंडन कर दिया

# कपड़े की दुकान से बंदूक के बल पर दिनदहाड़े हजारों लूटे

**संवाददाता।चरही**

थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को एक कपड़े की दुकान से एक अपराधी दिनदहाड़े 21000 रुपये नकद लूटकर फरार हो गया. जानकारी के अनुसार चरही पेट्रोल पंप के समीप रांची - पटना मार्ग पर एक कपड़े की दुकान में लगभग बारह बजे दिन में एक लड़का बाइक से आया. ग्राहक बनकर दुकानदार को कपड़े दिखाने के लिए बोला. कपड़ा पसंद आने पर लड़के ने कपड़े को पैक करने लिए कहा. उसके बाद बंदूक निकालकर दुकानदार से नकदी की मांग करने लगा. नहीं देने पर गोली मारने की धमकी देने लगा. डर के मारे दुकानदार ने गल्ले से 21000 रुपये नकद निकालकर उक्त बदमाश को दिए. पैसे लेकर अपराधी मोटरसाइकिल से फरार हो गया. भुक्तभोगी पिपरा निवासी ताज अंसारी ने बताया कि इस संबंध में चरही थाने में मामला दर्ज कर अज्ञात अपराधी पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है. वहीं जिस बाइक से अपराधी आया था उसका नंबर 7547 बताया जा रहा है. घटना की सूचना पर चरही पुलिस ने मौके पर पहुंच दुकानदार से पूछताछ कर सीसीटीवी फुटेज की जांच की.

**खास बातें**

- चरही पेट्रोल पंप के समीप रांची-पटना मार्ग की घटना
- सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने की दुकानदार से पूछताछ

# प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

## राजग के मनीष जायसवाल दे रहे जनसंपर्क व संवाद पर जोर



- हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में आगामी 20 मई को मतदान होगा

**संवाददाता।हजारीबाग**

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में आगामी 20 मई को मतदान होगा. ऐसे में अब महज कुछ ही दिन बचे हुए हैं. हजारीबाग में मतदान की तिथि नजदीक आने के साथ ही पिछले करीब 73 दिनों से लगातार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाने वाले एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने पिछले दो-तीन दिनों से अपने प्रचार का तरीका बदला है. 1400 गांवों के मतदाताओं तक पहुंचने के उपरांत रामगढ़ क्षेत्र से विभिन्न व्यावसायिक और सामाजिक संगठनों के साथ मनीष जायसवाल ने बैठक की. सोमवार को भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में क्षत्रिय समाज और प्रजापति कुम्हार समाज की बैठक में शामिल हुए. मंगलवार को उन्होंने मांडू विधानसभा क्षेत्र पर फोकस किया और यहां करीब चार बैठकों में शामिल हुए. लोगों ने एक स्वर में देश और हजारीबाग के विकास के लिए मनीष जायसवाल को समर्थन देने का भरोसा दिलाया.

### कई जगहों पर चलाया जनसंपर्क अभियान

भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के मांडू, सोनडीहा, मंडाटांड़, बंदगांव, बड़गांव, आरा कोलियरी, आरा बस्ती, घाटो क्षेत्र के माकुंदाबेड़ा, केदला बस्ती, भेलगढ़ा करमाली टोला, ड्राइवर घाट और बंजी में तूफानी जनसंपर्क अभियान के माध्यम से लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की.

### काम के नाम पर मांग रहे वोट : मनीष जायसवाल

जायसवाल ने जनसंपर्क और जनसंवाद के दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता से कहा कि विकास विरोधी लोग जात-पात की राजनीति करते हैं. कांग्रेस ने अंग्रेजों की तर्ज पर 60 वर्षों से अधिक समय तक देश में शासन किया और फूट डालो और राज करो की नीति के साथ हिंदुस्तानियों को जातियों में बांटकर देश का बंटाधार कर दिया. लेकिन एनडीए जात की नहीं जमात की बात करती है. हम काम और सेवा के नाम पर जनता के बीच वोट मांग रहे हैं.

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पटेल का विष्णुगढ़ क्षेत्र में चुनावी दौरा



- कहा-जीतकर दिल्ली जाते हैं तो झारखंडियों को उनका हक दिलाएंगे

**संवाददाता।हजारीबाग**

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने मंगलवार को चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया. उन्होंने गांव-गांव घूम कर लोगों के साथ संवाद स्थापित किया. साथ ही कांग्रेस के न्यायपत्र के बारे में लोगों को बताया. पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं, आदिवासियों और पिछड़ों समेत सभी वर्ग के लिए भाजपा से लड़ाई लड़ रही है. भाजपा देश से संविधान और आरक्षण को खत्म कर देना चाहती है, जिसे कांग्रेस कभी होने नहीं देगी. संविधान इस देश की रीढ़ और आरक्षण जरूरत है. हर हाल में इसे बचाया जाएगा. पटेल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने झारखंड के जीएसटी के पैसे को अब तक रिलीज नहीं किया है. यहां का कोयला निकाला गया. यहां की जमीन का इस्तेमाल किया गया लेकिन बदले में झारखंड को कुछ नहीं मिला. साथ ही कहा कि यदि वो यहां से जीत कर जाते हैं तो झारखंड वासियों को उनका हक दिलाएंगे.

### भीम आर्मी बरकट्ठा का विनोद सिंह को समर्थन

**बरकट्ठा।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन, प्रखंड इकाई बरकट्ठा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कोडरमा लोक सभा प्रत्याशी विनोद सिंह के आवास पर पहुंचे और इंडिया महागठबंधन कोडरमा लोकसभा चुनाव में माले प्रत्याशी विनोद सिंह के पक्ष में मतदान करने और चुनाव में तन मन से मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प लिया और अपना समर्थन दिया है. मौके पर भीम आर्मी प्रखंड इकाई बरकट्ठा के अध्यक्ष प्रमोद दास ने कहा कि कोडरमा लोकसभा का सर्वांगीण विकास के लिए विनोद सिंह ही मात्र विकल्प हैं. यदि कोडरमा का सर्वांगीण विकास चाहते हैं तो विनोद सिंह के पक्ष में मतदान कर उन्हें दिल्ली संसद भवन तक पहुंचाने का काम करें ताकि गरीबों, वंचितों, शोषितों, पीड़ितों की आवाज दिल्ली तक पहुंच सके. वहीं लोगों को संबोधित करते हुए विनोद सिंह ने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि जिस तरह से आपलोगों का हमें समर्थन मिल रहा है. मैं भविष्य में आपलोगों के विश्वास के साथ खरा रहूंगा.

# सेमेस्टर का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**संवाददाता।रामगढ़**

झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के नयानगर बरकाकाना स्थित अध्ययन केंद्र छेदी उरांव एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर का परिणाम शत प्रतिशत रहा है. प्रथम सेमेस्टर के डिप्लोमा इन अमानत एंड सुर्वेयिंग में विनोद विहारी महतो 77, बबलू कुमार 72.7, नवीन कुमार 72.5, जयप्रताप कुमार 70.5, विशाल कुमार 68.7, सूचित कुमार साव 68.5, महेश कुमार दांगी 68.2, प्रिंस लाल 62.7, संतोष गुप्ता 61.5, डिप्लोमा इन काउंसलिंग में पूर्णीमा मोदक 83, सरफराज अंसारी 73.2, पीजी डिप्लोमा इल एचआर सिमोना डे 84.2, विद्याभूषण चौबे 81.5, डिप्लोमा इन नर्सरी टीचर ट्रेंनिंग रेणु तिर्की 73.7, आरती कुमारी 69, मास कम्युनिकेशन में सूर्यकांत कमल 86.5, डिप्लोमा हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर पिंटू कुमार 64.7, रंजीत नायक 69.5 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल की. वही दूसरे सेमेस्टर के नर्सरी टीचर ट्रेंनिंग में सानिया कशिश 81.2, सकुंती कुमारी 80.7, फरहा तबसुम 79.5, सफुरा बानो 79.2, शोभा कुमारी 78.7, सानिया परवीण 78.2, रूबी उरांव 78, खुश्बु उरांव 77.5, बरनाली सेठ 76.5, डिप्लोमा इन काउंसलिंग में शालिनी 82.5, गीता देवी 31.7, पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एपलिकेशन में प्रमोद कुमार 76.7, रामलखन साहू 73.2, धनंजय कुमार 68.5, पीजी डिप्लोमा इन एचआर युगल किशोर सिंह 64.5, डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड इंश्योरेंस खुशी कुमार 64.5, डिप्लोमा इन बिसाइड एसिसटेंट फुल कुमारी 64.5, पीजी इन डिप्लोमा इन मैनजमेंट अशोक कुमार 67.5, डिप्लोमा इन मार्केटिंग मैनजमेंट विवेक कुमार अगरिया 71.5 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता पायी है.

### लॉर्ड कृष्णा स्कूल के बच्चों ने लहराया पर्चा

**हजारीबाग।** अमृत नगर स्थित 10 2 लॉर्ड कृष्णा स्कूल के बच्चों ने एक बार फिर से सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है. 94 प्रतिशत अंक लाकर स्वेता कुमारी प्रथम स्थान पर रही. दूसरे स्थान पर पवन कुमार 88 प्रतिशत अंक के साथ रहा. तीसरा स्थान उदय कुमार राणा (84.6 प्रतिशत) ने हासिल किया. चतुर्थ स्थान पर रिसभ प्रसाद (84.2 प्रतिशत)



पांचवें स्थान पर खुष्बु कुमारी (82.4 प्रतिशत), छठे स्थान पर आदित्य कुमार (82 प्रतिशत), सातवें स्थान पर मो. फरीद अहमद (81.4 प्रतिशत) और माहिका कुमारी, मीकल और रवि कुमार ने 77 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया. इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार देव सचिव अमिताभ नीरज ने छात्रों, अभिभावकों को बधाई दी.

### दसवीं में सक्षम बने विद्यालय टॉपर

**चौपारण।** प्रखंड के नवभारत जागृति केंद्र द्वारा संचालित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल का सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा. हर बार की तरह इस बार भी रिजल्ट शत प्रतिशत रहा. प्राचार्या रीना पांडेय ने बताया कि विद्यालय से इस बार 171 विद्यार्थी दसवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे. इनमें 25 छात्र- छात्राओं ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. वहीं 98 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. टॉप 20 विद्यार्थी में सक्षम राज 94 प्रतिशत, विवेक सिंह 93 प्रतिशत, कल्पना कुमारी 91 प्रतिशत, आदर्श प्रसाद 90 प्रतिशत, सृष्टि वर्मा 89 प्रतिशत, तनिष्क सिन्हा 88 प्रतिशत, समीर कुमार सिंह 88 प्रतिशत, मीनु पासवान 87 प्रतिशत, आयुष कुमार सिंह 87 प्रतिशत आदि शामिल रहे.



### शानदार प्रदर्शन करनेवाले बच्चे सम्मानित

**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में 12वीं और 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया. प्राचार्य ने सभी सफल बच्चों माला पहनाकर शुभकामना दी. 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उमर फारूक ने विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया. वहीं नेहा कुमारी ने 95.6, अदिति श्री ने 95.4 अंक प्राप्त कर क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया. इस वर्ष विद्यालय से 134 बच्चे बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुए थे. जिनमें 28 बच्चों ने 90 प्रतिशत से उपर, 40 बच्चों ने 80 प्रतिशत से उपर, 32 बच्चों ने 70 प्रतिशत से उपर और 20 बच्चे ने 60 प्रतिशत से उपर अंक प्राप्त किया.



# राजा चौधरी निकला हत्यारा, दोषी करार

**संवाददाता।रामगढ़**




भुरकुंडा डबल मर्डर केस से अदालत में पर्दा उठा दिया है. भुरकुंडा ओपी के सेंट्रल सौंदा बी टाइप क्वार्टर में 3 वर्ष पहले सहारा एक के एजेंट कमलेश नारायण शर्मा और उनकी पत्नी चंचला देवी की हत्या मामले में राजा चौधरी नामक अपराधी को अदालत ने दोषी कर दिया है. धारा 302 के तहत उसे सजा सुनाई जाएगी. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक दुबे की अदालत ने यह पतरातु (भुरकुंडा) थाना कांड 184/21 में यह फैसला सुनाया है. मंगलवार को लोक अभियोजक परमानंद यादव ने बताया कि 16 अक्टूबर 2021 को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सेंट्रल सौंदा बी टाइप क्वार्टर में सहारा के एजेंट और कांग्रेसी नेता कमलेश नारायण शर्मा और उनकी पत्नी चंचला देवी पर अपराधियों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला किया था. इस वारदात में कमलेश नारायण शर्मा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी. उनकी पत्नी चंचला देवी ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ा था. इस मामले में कमलेश नारायण शर्मा के छोटे भाई जयेन्द्र कुमार शर्मा के बयान पर प्राथमिक के दर्ज की गई थी. जांच के दौरान पुलिस ने चार अपराधियों को इस मामले में अभियुक्त बनाया. जिसमें सायल निवासी राजा चौधरी, विजय चौधरी, राहुल चौधरी और राम अचल शामिल थे. ट्रायल के दौरान राहुल चौधरी की मौत हो गई. साक्ष्य के अभाव में विजय चौधरी और राम अचल को अदालत ने बरी कर दिया.

### चोरी का आरोप लगने पर बदला लेने की थी योजना

पुलिस की जांच और गवाहों के आधार पर राजा चौधरी पर कई बार बकरी चोरी के आरोप लगे थे. बकरी चोरी के मामले में सायल निवासी राजा चौधरी जेल भी गया था. पुलिस की जांच में यह भी कहा गया है कि राजा चौधरी को ऐसा लगता था कि चोरी के यह आप कमलेश नारायण शर्मा के इशारे पर लगाए गए थे. बदले की भावना से जी रहे राजा ने कमलेश नारायण शर्मा पर हमला करने की योजना बनाई और 15 अक्टूबर 2021 की रात वह उनके घर में घुस गया. जब कमलेश नारायण शर्मा अपनी पत्नी चंचला देवी के साथ सो रहे थे. इसी दौरान उसने धारदार हथियार से उन पर हमला किया.

झारखंड सेवा समिति ने प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित

# बच्चों को आगे बढ़ने में मदद करते रहेंगे : सिन्हा

**संवाददाता।रामगढ़**

झारखंड सेवा समिति द्वारा होटल शिवम इन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित कर उन्हें प्रेरित किया गया. समारोह की अध्यक्षता झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने किया. समारोह में आईसीएसई 10वीं में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली श्रेया कुमारी, सीबीएसई 10वीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली पूजा सिंह, सीबीएसई 12वीं वाणिज्य में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले केशव अग्रवाल को सम्मानित किया गया. समारोह में मुक्ति मंडल वनस्थली विद्यापीठ में लॉ की छात्रा कीर्ति जायसवाल जिन्हें फर्स्ट इन ऑर्डर ऑफ मेरिट इन फर्स्ट ईयर



स्कॉलरशिप प्राप्त हुआ है उन्हें सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया. प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करते हुए झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि इन प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित कर संस्था गौरवान्वित महसूस कर रही है. कहा कि समिति प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ने में हमेशा मदद करने और उन्हें प्रेरित करने का कार्य करती रही है जो आनेवाले समय में भी जारी रहेगा. उन्होंने सम्मानित होनेवाले सभी बच्चों को सलाह दी कि जीवन में बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तबतक मेहनत जारी रखें जबतक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता. समारोह का संचालन सह सचिव मनोज मंडल ने व धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार ने किया. समारोह में राजेश कुमार, अजीत जायसवाल, अरविंद अग्रवाल, संजय दांगी, नंदकिशोर गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, कौशल सिंह, विनोद साहू, जीतू अग्रवाल, शैलेंद्र ठाकुर, आनंद सिन्हा, नवनीत दयाल, नवनीत कुमार आदि उपस्थित थे.

**खास बातें**

- कहा-बच्चों को सम्मानित कर संस्था गौरवान्वित
- बच्चों को बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए

**कार्यक्रम** कुलपति व कुलसचिव के हाथों विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

# आईसेक्ट विवि में टेकफेस्ट का हुआ भव्य समापन

**संवाददाता।हजारीबाग**

आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में सीएस एंड आईटी विभाग की ओर से टेकफेस्ट के समापन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कुलपति डॉ. पीके नायक, कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ. एसआर रथ, सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन आदि ने इसकी शुरुआत की. बता दें कि टेकफेस्ट कार्यक्रम के तहत कोडिंग, पोस्टर डिजाइन व क्वीज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. साथ ही मंगलवार को तकनीकी प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें कई



विद्यालयों, महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक प्रदर्शनी लगाई. इसमें तकनीक कौशल के कई उदाहरण देखने को मिले. इस मौके पर कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय कि हमेशा कोशिश रही है कि यहां के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों को लेकर फ्रेंडली बनाया जाए. ऐसे में टेकफेस्ट जैसा आयोजन महत्वपूर्ण है. वहीं कुलसचिव ने कहा कि सीएस एंड आईटी विभाग की यह पहल सराहनीय है. उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में क्रिएटिव हाई स्कूल, जेआरबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बिरसा मेमोरियल हाई स्कूल, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, सपोर्ट पब्लिक स्कूल, अमृत नगर हाई स्कूल, ज्ञान भारती हाई स्कूल, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, इंटर साइंस कॉलेज, बियोंस प्राइवेट लिमिटेड, संत कोलंबा महाविद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मॉडल स्कूल बगोदर, प्लस टू गुलशन स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, एसवी पटेल कॉलेज, अन्नदा कॉलेज, केबी विमेंस कॉलेज, विनोबा भावे विश्वविद्यालय आदि के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया.

### एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम

इस दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए. साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को कुलपति व कुलसचिव के हाथों पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन, एचओडी तारा प्रसाद, रविकांत कुमार, प्रभात कुमार, राहुल कुमार, विजय लाल, अमित कुमार, रौशन कुमार, रूपेश कुमार, शशि कुमार, सौरभ रक्षित आदि योगदान रहा.

### चौपारण के दो मतदान केंद्रों के स्थल बदले गए

**चौपारण।** प्रखंड में लोकसभा में मतदान का प्रतिशत बढ़े इसको लेकर प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सीओ सह प्रभारी बीडीओ संजय यादव के साथ प्रशासनिक टीम हर संभव प्रयास कर रही है. इसी क्रम में सुरक्षा के मद्देनजर देखते हुए प्रखंड के दो मतदान केंद्र के प्रस्तावित स्थल को परिवर्तन कर दिया गया. इस संबंध में प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी संजय यादव ने बताया कि कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी, बरही, हजारीबाग द्वारा आम सूचना के माध्यम से प्रखंड के दो मतदान केंद्र 06 मध्य विद्यालय ढोढ़ीया और 67 प्राथमिक विद्यालय पथलगड़वा के स्थल को परिवर्तित करते हुए क्रमशः मध्य विद्यालय सोहरा और उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सियरकोनी में कर दिया गया है.

# कुख्यात लालू साव गिरफ्तार हथियार और अफीम जब्त

**संवाददाता।चतरा**

पुलिस ने कुख्यात बदमाश लालू साव को गिरफ्तार किया है. इसके पास से एक देशी पिस्टल, पांच राउंड कारतूस, 2.700 किलो अफीम और एक बिना नंबर की बाइक जब्त किया है. जब्त अफीम लूटा हुआ है. लालू साव सदर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी है. इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 181/24 के तहत एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया. एसडीपीओ संदीप कुमार सुमन ने मंगलवार को बताया कि चतरा के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी लालू बहन के घर कठौतिया के पास आया हुआ है. सूचना पर छापेमारी टीम कठौतिया पहुंची. पुलिस की गाड़ी को देखते ही लालू ने भागने का प्रयास किया लेकिन जवानों ने पीछा कर उसे धर दबोचा. उसकी तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल व मैगजीन में लोड पांच कारतूस बरामद हुए. लालू की निशानदेही पर बहन के घर के बाहर खड़ी बाइक व बाइक की सीट के नीचे छुपाकर रखा अफीम जब्त किया गया. एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार लालू का आपराधिक इतिहास रहा है. उसके खिलाफ हत्या, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, छिनैती, एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य मामले दर्ज हैं. उसके खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई हो चुकी है.

